13-01-2022

पश्चिमी विक्षोभ

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. यह भूमध्य सागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय तूफान है।
2. यह विक्षोभ भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भागों में सर्दियो में बारिश लाता है।
3. यह पछूआ पवनों द्वारा संचालित होता है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अनुमान लगाया था कि पश्चिमी विक्षोभ के 11 जनवरी 2022 में पूर्वी राज्यों से टकराने की संभावना बताई थी।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- IMD ने झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों के लिये 11 जनवरी से 13 जनवरी के लिये Yellow और ORANGE जोन अलर्ट जारी किया।
- इन राज्यों में हल्की या मध्यम वर्षा की संभावना है।
- पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय तुफान है।
- यह विक्षोभ भारतीय उप महाद्वीप के उत्तरीय भागों में सर्दियों में बारिश लाता है।
- यह एक गैर मानसून वर्षा पैटर्न है।
- यह पक्षुआ पवनों द्वारा संचालित होता है। सर्दियो के मौसम में पश्चिम विक्षोभ काफी मजबूत होता है।
- यह पूर्व में बांग्लादेश के उत्तरी भागों और दक्षिण-पूर्व नेपाल तक फैला हुआ है।
- पश्चिमी विक्षोभ रबी की फसल के विकास के लिये महत्वपूर्ण है। जिसमें मुख्यतः गेहु भी शामिल है।

नेशनल सुपरकम्प्युटिंग मिशन

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. एन.एस.एम. का उद्देश्य देश के राष्ट्रीय शैक्षणिक और आर.एन.डी. संस्थानों को सशक्त बनाता है।
2. इसे C-DAC पुणे और आई.आई.एस.सी. बैगलूर द्वारा कार्यान्वित किया गया है।
3. एन.एस.एम. को इलेक्ट्रॉनिक्स और आई.टी. मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – राष्ट्रीय राष्ट्रीय सुपर कम्प्युटिंग मिशन (एन.एस.एम) के तहत आई.आई.टी हैदराबाद, एन.ए.बी.आई मोहाली, सी.डी.ए.सी. बैंगलुर और आई.आई.टी कानपुर में चार नये सुपर कम्प्युटर स्थापित किए गए है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- राष्ट्रीय सुपर कम्प्युटिंग मिशन इलेक्ट्रॉनिक एवं आई.टी मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पंजीकृत किया जा रहा है।
- इसे CENETER FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING विभाग (C-DAC) पुणे तथा भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC) बैंगलुरू द्वारा संचालित किया जा रहा है।
- एन.एस.एम का उद्देश्य 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन कम्प्युटिंग से सुविधा से लेंस एक विशाल सुपर कम्प्युटिंग ग्रिड की स्थापना कराना तथा देश के राष्ट्रीय शैक्षिणक और रिसर्च और डेवलपमेंट को सशक्त बनाना है।
- इन सुपर कम्प्युटरों को राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क पर राष्ट्रीय सुपर कम्प्युटिग ग्रिड से जोड़ा जाएगा।
- इस मिशन से इन अनुप्रयोगो के विकास सम्बंधित चुनौतियों का सामना करने के लिये उच्च पेशेवर की जानकारी रखने वाले कार्यबल का विकास किया गया है।
- एन.एस.एम. लगभग 75 संस्थानों और एन.के.एन. के माध्यम से काम कर रहे हजारों से अधिक सक्रिय शोधकर्ताओं शिक्षाविदों को एच.पी.सी. सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करता है।
- स्वदेशी तौर पर असेंबल किये गये पहले सुपर कम्प्युटर–

1. परम शिवाय को आई.आई.टी. BHU
2. परम शक्ति को आई.आई.टी खड़गपुर द्वारा
3. परम ब्रह्म को आई.आई.एस.ई.आर पुणे

अकादमिक क्रेडिट बैंक

प्रश्न – निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए –

1. अकादमिक क्रेडिट बैंक को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्थापित किया गया।
2. अकादमिक क्रेडिट बैंक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् प्रस्तावित किया गया था।
3. इसके तहत् छात्र अपनी छोड़ी हुई पढ़ाई को उसी स्तर से पुनः शुरू कर सकते हैं।

उपरोक्त में से कौन–से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा IIT और IIM तथा राष्ट्रीय महत्व के अन्य संस्थानों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ढांचे के अंतर्गत शामिल किया गया है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- इस व्यवस्था के तहत्, छात्र अपना 50% तक पाठ्यक्रम जिस संस्थान में नामांकित है उसके अलावा किसी अन्य संस्थान मे पूरा कर सकते है।
- ACADEMIC BANK OF CREDIT (ABC) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् प्रस्तावित किया गया।
- ABC को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्थापित किया गया ।
- ABC के तहत् छात्रों के लिये किसी डिग्री या पाठ्यक्रम को छोड़ने और संबंधित प्रमाण पत्र प्राप्त करने का विकल्प दिया जायेगा।

- एक निश्चित समय के पश्चात छात्र अपनी अधूरी छोडी हुई पढ़ाई को उसी स्तर से पुनः शुरू कर सकते है।
- इसके द्वारा छात्रों को किसी डिग्री को पूरा करते समय या किसी पाठ्यक्रम को छोड़ने के दौरान संस्थान बदलने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।
- ABC एक वर्चुअल Store House है, जो एक छात्र के एकेडमिक क्रेडिट का रिकार्ड रखेगा।

OOOOO